# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

# Atomic Energy Education Society

टर्म-1/**Half yearly Examination-2023-24**

कक्षा /**Class** : 7 अवधि /**Duration** : 3 घंटा

विषय /**Subject** : हिंदी अधिकतम अंक /**Marks** :80

**General Instructions:**

1. **इस प्रश्पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ |**
2. **चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है |**
3. **यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः लिखिए |**

## खंड - क

**प्र०1 .निम्नलिखत गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

संसार के सभी देशों में शिक्षित व्यक्ति की सबसे पहली पहचान यह होती है कि वह अपनी मातृभाषा में दक्षता से काम कर सकता है | केवल भारत ही एक देश है जिसमें शिक्षित व्यक्ति वह समझा जाता है जो अपनी मातृभाषा में दक्ष हो या नहीं , किन्तु अंग्रेजी में जिसकी दक्षता असंदिग्ध हो | संसार के अन्य देशों में सुसंस्कृत व्यक्ति वह समझा जाता है जिसके घर में अपनी भाषा की पुस्तकें हो और वह अपने कवि और लेखकों के बारे में जानता हो | भारत में स्थिति दूसरी है | यहाँ घर में साज-सज्जा के आधुनिक उपकरण तो होते हैं परन्तु अपनी भाषा की कोई पुस्तक या पत्रिका नहीं होती | जब तक यह दुरवस्था कायम है, हमें अपने आपको सही अर्थों में शिक्षित और सुसंस्कृत मानने का ठीक-ठीक न्यायसंगत अधिकार नहीं है |

**1. भारत में शिक्षित व्यक्ति किसे समझा जाता है ?** **(1)**

क.अंग्रेजी में दक्षता असंदिग्ध हो ख.चतुर हो

ग. लालची हो घ. इनमे कोई नहीं

**2. संसार में सुसंस्कृत व्यक्ति किसे समझा जाता है ?** **(1)**

क.जिसके घर में अपनी भाषा की पुस्तकें हो ख. कवि व लेखकों के बारे में जानता हो

ग. क और ख दोनों सही हैं घ. इनमें कोई नहीं

**3. हमारी कौन-सी दुरवस्था कायम है ?** **(1)**

क.घर में साज-सज्जा के उपकरण होना ख.अपनी भाषा की पुस्तक न होना

ग.अपनी भाषा की पत्रिका न होना घ. उपर्युक्त सभी सही हैं

**4. “सुसंस्कृत “शब्द में उपसर्ग बताओ |** **(1)**

क. सम ख. सु ग. कृत घ. त

**5. संसार में शिक्षित व्यक्ति की पहली पहचान है ?** **(1)**

क.मातृभाषा में दक्षता | ख. विदेशी भाषा में दक्ष हो
ग.यात्रा करना | घ. कम बोलना

**6.साज-सज्जा में कौन-सा समास है ?** **(1)**

क. तत्पुरुष समास | ख. द्वंद्व समास
ग. द्विगु समास | घ. कोई नहीं

**7. गद्यांश के लिए उचित शीर्षक कौन-सा है ?** **(1)**

क. मातृभाषा का महत्व | ख. जीवन की कला
ग. अपना जीवन | घ. सभी सही हैं

**प्र०2 निम्नलिखत काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो -**

हाथी से हाथी जूझ पड़े, भिड़ गए सवार सवारों से |
घोड़ों पर घोड़े टूट पड़े, तलवार लड़ी तलवारों से |
होती थी भीषण मार-काट, अतिशय रण से छाया था भय |
था हार-जीत का पता नहीं, क्षण इधर विजय क्षण उधर विजय |
मेवाड़-केसरी देख रहा था ,केवल रण का न तमाशा था |
वह दौड़-दौड़ करता था रण, वह मान-रक्त का प्यासा था |
चढ़कर चेतक पर घूम -घूम, करता सेना रखवाली था |
ले रहा मृत्यु को साथ-साथ, मानो प्रत्यक्ष कपाली था |
रण बीच चौकड़ी भर-भरकर, चेतक बन गया निराला था |
राणा प्रताप के घोड़े-से, पड़ गया हवा का पाला था |
गिरता न कभी चेतक तन पर, राणा प्रताप का कोड़ा था |
वह दौड़ रहा अरि-मस्तक पर, या आसमान पर घोड़ा था |

**1. कविता में कहाँ का वर्णन आया है ?** **(1)**

क. हल्दीघाटी के युद्ध का | ख. 1857 की क्रांति का
ग. झाँसी का | घ. इनमें से कोई नहीं

**2. मेवाड़-केसरी किसके लिए आया है ?** **(1)**

क. राणा साँगा | ख. महाराणा प्रताप
ग. लक्ष्मीबाई | घ. इनमें कोई नहीं

**3. चेतक कौन था ?** **(1)**

क. सारथी ख. घोड़ा ग. तोता घ. सैनिक

**4. हार-जीत का समास विग्रह क्या होगा ?** **(1)**

क. हार की जीत　　ख. हार और जीत

ग. हार से जीत　　घ. इनमें कोई नहीं

**5. ‘चेतक’ को कहा गया है ?** **(1)**

क. निराला　　ख. आलसी　　ग.क्रोधी　　घ. इनमें से कोई नहीं

**6. अतिशय रण से क्या छाया था ?** **(1)**

क. भय　　ख. जोश　　ग. आनंद　　घ. उत्साह

**7. चेतक के तन पर क्या नहीं गिरता था ?** **(1)**

क. डंडा　　ख कोड़ा　　ग. बाण　　घ. भाला

## खंड- ख

**प्र०3 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -** **(16)**

**क) <u>लाल</u> किरण में रेखांकित पद का विशेषण लिखिए -**

1.गुणवाचक विशेषण　　2. संख्यावाचक विशेषण

3.कालवाचक विशेषण　　4. इनमें से कोई नहीं

**ख) भूखे-प्यासे का समास-विग्रह क्या होगा ?**

1. भूखे न प्यासे　　2. भूखे और प्यासे

3. भूखे के प्यासे　　4. इनमें कोई नहीं

**ग) सतलुज का प्राचीन नाम क्या था ?**

1. विपाशा　　2. झेलम　　3. शतद्रुम　　4.वितस्ता

**घ) झेलम का प्राचीन नाम क्या था ?**

1. वितस्ता　　2. चिनाब　　3. रोपड़　　4. सभी सही हैं

**ङ) निम्नलिखित में उचित विशेषण-विशेष्य के जोड़े चुनिए |**

1.सम्भ्रांत-आँगन　　2. समतल-नदियाँ　　3. चंचल-नदियाँ　　4. सभी सही हैं

**च) सन 1857 के आन्दोलन में नहीं थे -**

1. नाना साहब　　2. रानी लक्ष्मीबाई　　3. भगतसिंह　　4. वीरकुंवर सिंह

**छ) सन 1942 के आन्दोलन में नहीं थे ?**

1.महात्मा गाँधी　　2. पंडित जवाहरलाल नेहरु

3.तांत्या टोपे　　4. इनमें कोई नहीं

**ज . मिट्टी-मट का उचित प्रयोग किस शब्द में नहीं हुआ ?**

1. मटमैला 2. माटीवाली 3. मिठाई 4. मटका

**झ. हाथ-हथ का उचित प्रयोग किस शब्द में नहीं हुआ ?**

1.हथगोला 2.हथोडा 3 हथियार 4. हताश

**ञ. 'वाला' प्रत्यय का प्रयोग किस शब्द में नहीं हुआ ?**

1. मिठाईवाला 2. निवाला 3. सब्ज़ीवाला 4. फलवाला

**ट . <u>बोलनेवाली</u> गुड़िया - रेखांकित पद का भेद लिखिए-**

1.संज्ञा 2. सर्वनाम 3. विशेषण 4. इनमें कोई नहीं

**ठ .सोना-सोन का उचित प्रयोग किस शब्द में नहीं हुआ ?**

1. सोनपरी 2.सोनपापड़ी 3.सोनचिरैया 4. सुनसान

**ड . मुझ पर भी एक रात आसमान से गड़गड़ाती बिजली आकर पड़ी थी**

**(वाक्य में उचित चिह्न लगाओ )**

1. , 2. | 3. ? 4. /

**ढ . 'सिमटा' शब्द के दो सही अर्थ कौनसे हैं ?**

1. एकत्रित / समेटना 2. फैलाना / लेना

3. भगाना / लाना 4. इनमें कोई नहीं

**ण . घास पर फुदकती <u>नन्हीं-सी</u> चिड़िया |**

**(रेखांकित शब्द का प्रयोग कैसे शब्द के साथ हुआ है )**

1. संज्ञा 2. सर्वनाम 3. विशेषण 4. इनमें कोई नहीं

**त. 'आना' प्रत्यय का प्रयोग किस शब्द में नही है ?**

1. डराना 2. फिल्माना 3. चिपकाना 4. रोना

## खंड- ग

**प्र०4 .निम्न गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (6)**

'मैं भी अपने नगर का एक प्रतिष्ठित आदमी था | मकान, व्यवसाय, गाड़ी-घोड़े, नौकर-चाकर सभी कुछ था | स्त्री थी, छोटे-छोटे दो बच्चे भी थे | मेरा वह सोने का संसार था | बाहर सम्पत्ति का वैभव था, भीतर सांसारिक सुख था | स्त्री सुन्दर थी, मेरी प्राण थी | बच्चे ऐसे सुन्दर थे, जैसे सोने के सजीव खिलौने | उनकी अठखेलियों के मारे घर में कोलाहल मचा रहता था | समय की गति ! विधाता की लीला | अब कोई नहीं है | दादी, प्राण निकाले नहीं निकले | इसलिए अपने उन बच्चों की खोज में निकला हूँ | वे सब अंत में होंगे तो यहीं कहीं | आखिर, कहीं न कहीं जन्मे ही होंगे | उस तरह रहता घुल-घुलकर मरता | इस तरह सुख-संतोष के साथ मरूँगा | इस तरह के जीवन में कभी-कभी अपने उन बच्चों की एक झलक-सी मिल जाती है |

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए -**

क. कहानी में फेरीवाला किस प्रकार का आदमी था ?

ख. उसके परिवार के बारे में दो वाक्य चुनकर लिखिए |

ग. किस कारण वह अपने बच्चों की खोज में निकला था ?

**प्र०5 . निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(8)**

क. काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है ?

ख. सिंधु और ब्रह्मपुत्र की क्या विशेषताएँ बताई गई हैं ?

ग. पेड़ और खंभे में दोस्ती कैसे हुई ?

घ. लैटरबक्स को सभी लालताऊ कहकर क्यों पुकारते थे ?

ङ. यासुकी-चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोत्तो-चान ने अथक प्रयास क्यों किया ?

**प्र०6 . निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो -** **(6)**

आकाश का साफ़ा बाँधकर
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़ ,
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर-सी,
पास ही दहक रही है
पलाश के जंगल की अँगीठी
अँधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले-सा |

क. कविता में 'अँगीठी' का प्रतीक किसे कहा है ?

ख. 'अँधकार' को किसके समान माना है ?

ग. 'आकाश' और 'सूरज' किसके प्रतीक हैं ?

**प्र०7. निम्न प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए -** **(6)**

क. पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं?

ख. कठपुतली को गुस्सा क्यों आया?

ग. कठपुतली को अपने पाँवों पर खड़ी होने की इच्छा है, लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी होती?

घ. हर तरह की सुख-सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते?

**प्र०8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 'बाल महाभारत' के आधार पर लिखिए - (कोई तीन)** **(6)**

क. गंगा किस कारण राजा शांतनु को छोड़कर चली गई ?

ख. देवव्रत का नाम भीष्म कैसे पड़ा ?

ग. पंचालराज द्रुपद ने द्रोणाचार्य का अपमान किस प्रकार किया ?

घ. भीम ने बकासुर का वध किस प्रकार किया ?

**प्र० 9. निम्नलिखित मूल्यपरक में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए -** **(8)**

क. आपके घर में किसी पक्षी ने घोंसला बनाया है, आपको वह घर छोड़ना पड़े तो आप उस पक्षी के लिए किस तरह के प्रबंध करना उचित समझेंगें ?

ख. नदियों से होने वाले लाभों के बारे में लेख लिखिए |

ग. फेरीवाले के स्वर अब कम क्यों हुए हैं ? कारण लिखिए |

**खण्ड - घ**

**प्र०10.** खेल-सामग्री मँगवाने के लिए प्रधानाचार्य जी को प्रार्थना पत्र लिखिए - **(5)**

**अथवा**

मित्र को जन्मदिन पर निमंत्रण-पत्र लिखिए |

**प्र० 11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए -** **(5)**

क. मेरा देश ख. परिश्रम का महत्व

***********